श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़-२४६१६६

Sri Dev Suman Uttarakhand University

Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

पत्रांकः—8893 / एसडीएसयूवी / परीक्षा / 2022—23 दिनांकः 02 / 01 / 2024

कार्यालयादेश

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड वि0वि0 से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय / संस्थानों को सूचित किया जाता है, कि वार्षिक प्रणाली में संचालित बी0ए0 / बी0एस0सी0 / बी0कॉम सत्र 2022—23 के छात्र—छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा देने से वंचित रह गये है, ऐसे छात्र—छात्राओं को मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त एवं व्यापक छात्रहित में अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है, तथा राजकीय महाविद्यालय / संस्थानों को अपने स्तर से अपने—अपने महाविद्यालयों में रू0 2500 /— के विलम्ब शुल्क के डिमान्ड ड्राप्ट जमा कर सत्र 2022—23 के मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र के आधार पर प्रयोगात्मक परीक्षाऐं सम्पादित करवायें, तथा शुल्क एवं अंक सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें, साथ ही निजि संस्थानों के लिए हरिद्वार जनपद की प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भूपतवाला हरिद्वार एवं देहरादून जनपद की प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता रायपुर देहरादून बनाया गया है, साथ ही छात्र—छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि वे अपने प्रवेश पत्र एवं रू0 2500 /— विलम्ब शुल्क के डिमान्ड ड्राप्ट के प्रयोगात्मक परीक्षा स्थल पर दिनांक 15 जनवरी से 20 जनवरी 2024 तक किसी भी कार्य दिवस में उपरोक्त सन्दर्भित केन्द्रों पर प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

अतः समस्त संन्दर्भित महाविद्यालय / संस्थानों को सूचित किया जाता है, कि प्रयोगात्मक परीक्षा 15 जनवरी से 20 जनवरी 2024 में अनिवार्य रूप से सम्पादित करवाने का कष्ट करें।

2.1.2024

प्रो0 (वी0 पी0 श्रीवास्तव)
परीक्षा नियंत्रक।

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. निदेशक / प्राचार्य समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।
3. कुलसचिव।
4. वित्तअधिकारी।
5. सहायक परीक्षा नियंत्रक (मुख्य / व्यावसायिक)।
6. सहायक कुलसचिव (प्रशा / वित्त)।
7. प्रभारी डाटा सेन्टर / परीक्षा / गोपनीय अनुभाग।
8. श्री दीपक उपाध्याय प्रोग्रामर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त परीक्षा कार्यक्रम को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
9. कार्यालय प्रति।

प्रो0 (वी0 पी0 श्रीवास्तव)
परीक्षा नियंत्रक